Workshop on Research Methodology at ICFAI University – Oct 27-28, 2018

प्रभात खबर

इक्फाइ विवि. रिसर्च मैथेडोलॉजी पर कार्यशाला

रांची. इक्फाइ विवि में रिसर्च मैथेडोलॉजी विषय पर कार्यशाला हुई. विद्यार्थियों को एमपीएसएस और एमोस सॉफ्टवेयर टूल्स की जानकारी दी गयी. विवि के दलादली कैंपस में आयोजित इस कार्यशाला में रांची सहित चैन्नई, हैदराबाद, रायपुर, पटना, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, धनबाद के शोधार्थियों ने हिस्सा लिया. इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षा के उपनिदेशक डॉ संजीव चतुर्वेदी व आइआइटी खड़गपुर के प्रो केबीएल श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने किया. विवि के रजिस्ट्रार सह डीन डॉ बीएम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

खबर मन्त्रा www.epaper.khabarmantra.com

web www.khabarmantra.com रांची, शनिवार 06

ईक्फाई में रिसर्च मेथडोलॉजी पर 28 से दो दिनी कार्यशाला

खबर मन्त्रा संवाददाता

रांची। ईक्फाई विवि में रिसर्च मेथडोलॉजी पर 28 से दो दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में एसपीएसएम सॉफ्टवेयर में डेटा विश्लेषण की जानकारी दी जाएगी। आईआईटी खड़गपुर के प्रो डॉ केबीएव श्रीवास्तव छात्रों को इसके टिप्स देंगे। राव ने कहा कि सिस्टमेटिक डेटा विश्लेषण तथा इसके परिणामों का प्रस्तुतीकरण अकादमिक अनुसंधानों की महत्वपूर्ण पहलू है। पीएचडी स्कॉलरों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में विवि, बिजनेस स्कूल के रिसर्च स्कॉलर और शिक्षक हिस्सा ले सकते हैं। इसमें भाग लेने के लिए 15 अक्तूबर तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा। विवि के ई-मेल पर या डॉ आर भट्टाचार्य से संपर्क कर सकते हैं।

शनिवार, 06 अक्तूबर 2018 | 22
हिन्दुस्तान

इक्फाई में रिसर्च मेथडोलॉजी पर कार्यशाला 28 से

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथडोलॉजी पर 28-29 अक्तूबर को कार्यशाला होगी। इसमें एपीएएसएम सॉफ्टवेयर में डाटा विश्लेषण बताया जाएगा। विशेषज्ञ के तौर पर आईआईटी खड़गपुर के प्रो केबीएल श्रीवास्तव मौजूद होंगे। इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत में इक्फाई के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि इसमें सांख्यिकी समीकरण का उपयोग कर डाटा विश्लेषण कौशल का सही उपयोग बताया जाएगा। कार्यशाला में बिजनेस स्कूल के शोधार्थी व शिक्षक भाग ले सकते हैं। इसके लिए 15 अक्तूबर तक विवि के ईमेल- phd.support@iujharkhand.edu.in, पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

city भास्कर
RANCHI, SATURDAY, 6/10/2018

इक्फाई यूनिवर्सिटी में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर वर्कशॉप 27 और 28 अक्टूबर को

इक्फाई यूनिवर्सिटी में 27 और 28 अक्टूबर को को रिसर्च मेथडोलॉजी पर वर्कशॉप होगा। इसमें एसपीएसएस और एएमओएस से डाटा एनालिसिस पर विशेष चर्चा होगी। इस कार्यशाला को आईआईटी खड़कपुर के प्रो. डॉ. केबीएल श्रीवास्तव संबोधित करेंगे। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर ओआरएस राव ने कहा कि सिस्टमेटिक डेटा विश्लेषण तथा इसके परिणामों का प्रस्तुतिकरण अकादमिक अनुसंधान के महत्वपूर्ण पहलू हैं। इस वर्कशॉप में बिजनेस स्कूल के शोध स्कॉलर एवं शिक्षक भाग ले सकते हैं। इसके लिए 15 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय के ई मेल phd.support@iujharkhand.edu.in में संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।यह जानकारी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर ओआरएस राव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी।

दैनिक भास्कर
रांची, मंगलवार 30 अक्टूबर, 2018 | 08

इक्फाई विवि में अनुसंधान पद्धति पर कार्यशाला संपन्न

रांची | इक्फाई विवि अनुसंधान पद्धति पर एसपीएसएस और एमोस सॉफ्टवेयर टूल्स के ऊपर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विवि के दलादली स्थित कैंपस में आयोजित हुआ। इसमें न केवल रांची से बल्कि देशभर के विभिन्न शहरों जैसे चेन्नई, हैदराबाद, रायपुर, पटना के शोधकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में झारखंड राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक डॉ संजीव चतुर्वेदी मुख्य अतिथि थे।